सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## चतुर्दश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-2

मंगलवार, तिथि $\frac{\text{17 आषाढ़ 1936 (श0)}}{\text{08 जुलाई, 2014 (ई0)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 79

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | प्राथमिक शिक्षा विभाग | .. .. | 23 |
| (2) | माध्यमिक शिक्षा विभाग | .. .. | 26 |
| (3) | अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग | .. .. | 02 |
| (4) | परिवहन विभाग | .. .. | 02 |
| (5) | पर्यावरण एवं वन विभाग | .. .. | 02 |
| (6) | उच्च शिक्षा विभाग | .. .. | 03 |
| (7) | कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग | .. .. | 02 |
| (8) | समाज कल्याण विभाग | .. .. | 12 |
| (9) | निबंधन विभाग | .. .. | 02 |
| (10) | पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग | .. .. | 02 |
| (11) | उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग | .. .. | 01 |
| (12) | विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | .. .. | 02 |
| | | कुल योग — | 79 |

भवन का निर्माण

'क'–*6. श्री राजेश सिंह––क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड भितहाँ के मदरसा इस्लामिया रेहहा में 1 से 8 कक्षा तक पढ़ाई किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में 350 मुस्लिम समुदाय के छात्र एवं छात्रा पठन–पाठन मात्र 2 भवन में करते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में अतिरिक्त भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

गेट लगवाना

'ख'–* 9. श्री राजेश सिंह––क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत भितहाँ प्रखंड के मदरसा इस्लामिया रेहहा विद्यालय में 350 छात्र–छात्रायें पठन–पाठन करते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में चहारदीवारी नही होने के कारण पशु विद्यालय के प्रांगण में चले आते हैं, जिसके कारण छात्र एवं छात्राओं को पठन–पाठन में व्यवधान उत्पन्न होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मदरसा विद्यालय की चहारदीवारी एवं लोहे का गेट लगवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अनुदान देना

'ग'–*44. डॉ0 अच्युतानन्द––दैनिक समाचार–पत्र के दिनांक 7 मई, 2014 के अंक में छपी खबर ''वित्त रहित कॉलेजों को चार साल से नहीं मिल रहा अनुदान'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के 550 वित्त रहित कॉलेजों को सरकार के निर्णय के बाद भी पिछले 5 वर्षों से अनुदान की राशि नहीं दी गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा अनुदान नही मिलने के कारण वित्त रहित कॉलेजों का विकास अवरुद्ध है और शिक्षकों को वेतन का भुगतान भी बन्द है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के सभी वित्त रहित कॉलेजों को सरकारी अनुदान बैकलॉग सहित देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रारंभ करना

*308. श्री प्रभात रंजन सिंह––क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत नगर परिषद् बगहा में वार्ड सं0 15 से 35 तक आँगनबाड़ी केन्द्र नहीं हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वार्ड में आँगनबाड़ी केन्द्र नहीं रहने से 1 से 5 वर्ष के बच्चों को शिक्षा एवं पोषाक पोषाहार से वंचित रहना पड़ रहा है, जिससे बच्चों को कुपोषण का शिकार होना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त वार्ड के लिये आँगनबाड़ी केन्द्र शुरू करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट 'क'– दिनांक 30 जून, 2014 को सदन द्वारा शिक्षा विभाग को स्थानांतरित ।
नोट 'ख'– दिनांक 30 जून, 2014 को सदन द्वारा शिक्षा विभाग को स्थानांतरित ।
नोट 'ग'– दिनाक 1 जुलाई, 2014 को सदन द्वारा स्थगित।

निर्माण करना

*309. श्री शिवेश कुमार---क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला का अनुसूचित जातियों के लिये छात्रावास का निर्माण कोईलवर प्रखंड में हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त छात्रावास जिला मुख्यालय से दूर रहने के कारण अनुसूचित जाति के छात्रों को कॉलेज एवं अन्य संस्थानों में पठन–पाठन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनुसूचित जातियों के छात्रों की सुविधा को देखते हुये कोईलवर प्रखंड के जगह जिला मुख्यालय आरा में छात्रावास का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*310. श्री रामदेव महतो---क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के राजनगर प्रखंड अन्तर्गत रामेश्वर उच्च विद्यालय, राजनगर में गर्ल्स हॉस्टल के लिये विभाग द्वारा वर्ष 2013–14 में भवन निर्माण हेतु स्वीकृति दी गयी है, किन्तु जमीन अतिक्रमण होने के कारण भवन निर्माण नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*311. श्री ललन कुमार---क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत तेघड़ा अनुमंडल बाजार में निबंधन कार्यालय 50 वर्ष पूर्व से भाड़े के मकान में चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निबंधन कार्यालय का भवन अत्यंत जर्जर हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निबंधन कार्यालय का सरकारी भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

वसूली करना

*312. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह---क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत अवर निबंधन कार्यालय, बिहपुर में विक्रय–पत्र सं0 1084, दिनांक 10 मई, 2013 में वर्णित खेसरा सं0 5729 पर दो मंजिला पक्का मकान को परती जमीन अंकित करवाया गया है तथा मकान मालिक द्वारा आपत्ति जताने पर उसे चदरापोश बताकर भूमि का बाजार मूल्य एवं भूमि की संरचना को छिपा कर विक्रय–पत्र तैयार किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सहायक निबंधन महानिरीक्षक, भागलपुर ने अपने पत्रांक 83, दिनांक 30 अक्टूबर, 2013 में उक्त चदरापोश मकान बताकर मात्र 50,530 रु0 का मूल्य बताने के लिये संबंधित कर्मचारी को दोषी बतलाया है जबकि वास्तविक रूप से इससे तीन लाख तैंतालीस हजार रु0 राजस्व की क्षति हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसके लिये दोषी पदा0/कर्म0 के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये राजस्व की क्षति की वसूली करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्थापित करना

*313. श्री प्रदीप कुमार---क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखंड के पंचायत उकौडा के ग्राम--डोला टोला, वरैया बिगहा, बरेवापर तथा पंचायत एरूरी के ग्राम--वरियारपुर, मल्लेपुर तथा सलेमपुर में प्राथमिक विद्यालय नहीं है जिससे इन ग्रामों के बच्चों को प्रारम्भिक शिक्षा नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में प्राथमिक विद्यालय स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

समाप्त करना

*314. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी---क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि विभागीय पत्रांक 8/अ०शि० 10--64/08 मा० 969, दिनांक 4 अगस्त, 2008 द्वारा राज्य के 137 नवसृजित प्रखंडों में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तथा 12 नवसृजित जिलों के जिला शिक्षा अधीक्षक के कार्यालयों में शिक्षा उपाधीक्षक का एक--एक पद सृजित किया गया था जिसके क्रमांक 30 पर दरभंगा जिलान्तर्गत अलीनगर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का पद भी सृजित था, जिसपर प्रशासी पदवर्ग समिति तथा मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति प्राप्त थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के अलीनगर प्रखंड में सृजित प्रखंड प्रसार शिक्षा पदाधिकारी के पद पर पदस्थापन भी की जाती रही जिसे वर्ष 2012 में यह कहकर बंद कर दिया गया कि सृजित पद समाप्त कर दिया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सृजित पद किसके आदेश से समाप्त किया गया और क्या उसपर पदवर्ग समिति तथा मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति प्राप्त थी, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*315. श्री राजेश सिंह---क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत मधुबनी एवं भितहाँ प्रखंड अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बहुल्य क्षेत्र है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंडों में अनुसूचित जाति का कोई छात्रावास नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में अनुसूचित जाति छात्रावास का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

वाहन चलाने का औचित्य

*316. श्री गजानंद शाही---हिन्दी दैनिक समाचार--पत्र में दिनांक 12 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक "लिजिये... अब यहाँ भी ओवर लोडिंग" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के संजय गाँधी जैविक उद्यान में बैट्री संचालित वाहन जू में पतिदिन ओवर लोड होकर चलता है, यदि हाँ, तो ओवर लोड बैट्री चालित वाहन चलाने का क्या औचित्य है ?

जीर्णोद्धार करना

* 317. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखंड के पचनौर मध्य विद्यालय में वर्ग 01 से वर्ग 08 तक पठन–पाठन किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मध्य विद्यालय का भवन जर्जर है, जिससे छात्रों को पठन–पाठन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय के जर्जर भवनों का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

* 318. श्री (मो०) आफाक आलम——क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०)विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के के० डी० गर्ल्स हाई स्कूल में 1,200 से 1,300 छात्रा पठन–पाठन करती हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के 8 कि०मी० के दायरे में कोई कॉलेज नहीं है जिसके कारण उक्त प्रखंड के छात्राओं को 10+2 की पढ़ाई करने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार के०डी० गर्ल्स हाई स्कूल को 10+2 में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमण करना

* 319. श्रीमती मुन्नी देवी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के निर्णयानुसार पंचायत में एक–एक उच्च विद्यालय की स्थापना का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड अंतर्गत देवमलपुर बहुदुरी, बहोरनपुर, सेमरिया तथा हरिहरपुर पंचायत एवं बिहियां प्रखंड अंतर्गत ओसाई तथा कटेया पंचायत में एक भी उच्च विद्यालय न होने के कारण यहाँ के बच्चे आज भी उच्च शिक्षा से वंचित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो कबतक सरकार उक्त पंचायतों में अवस्थित मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है ?

--------

प्रतिनियुक्ति करना

* 320. श्री रामदेव महतो—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के प्रत्येक प्रखंडों में कार्यरत 22 कस्तुरबा गाँधी विद्यालयों में प्रति विद्यालय में एक ही शिक्षक प्रतिनियुक्त हैं, जिससे पठन–पाठन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार प्रत्येक विद्यालय में स्वीकृत पद के अनुसार शिक्षकों की प्रतिनियुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिनियुक्ति करना

*321. श्री कृष्णनंदन पासवान क्या मंत्री, शिक्षा (माध्यमिक शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत हरसिद्दि प्रखण्ड के गाँधी उच्च विद्यालय एवं तुरकौलिया प्रखण्ड के राजा राम उच्च विद्यालय में मात्र 14 शिक्षक पदस्थापित हैं, जबकि छात्रों की संख्या 2,200 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त दोनों उच्च विद्यालय में छात्रों के अनुरूप शिक्षक नहीं रहने के कारण पठन पाठन बाधित होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में छात्रों की संख्या के अनुपात में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्थापना करना

*322. श्री जनक सिंह क्या मंत्री, शिक्षा (माध्यमिक शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत पानापुर प्रखण्ड के 11 पंचायतों में एक भी कन्या उच्च विद्यालय नहीं है, जिसके कारण छात्राओं को माध्यमिक शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पानापुर प्रखण्ड में कन्या उच्च विद्यालय की स्थापना कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्थापित करना

*323. श्रीमती नीता चौधरी क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला अन्तर्गत तारापुर विधान-सभा क्षेत्र के पाँचों प्रखण्डों यथा तारापुर, असरगंज, हवेली खगड़पुर, संग्रामपुर तथा टेटिया बम्बर में से किसी भी प्रखंड में लाइब्रेरी नहीं है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में लाइब्रेरी स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*324. श्रीमती सुनीता सिंह क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत तरियानी प्रखंड के मध्य विद्यालय डुम्भा में 1000 छात्र-छात्रायें पठन पाठन करते हैं उक्त विद्यालय का अपना भवन एवं भूमि है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मध्य विद्यालय के आठ कि०मी० के दायरे में कोई उच्च विद्यालय नहीं है एवं उच्च विद्यालय में उत्क्रमण हेतु सभी अर्हताएँ पूरी करती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*325. श्री संजय सिंह ''टाइगर''--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 11 जून, 2014 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''साक्षरता के 83 करोड़ रुपये दबाये बैठे हैं अफसर'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि निरक्षरों को साक्षर करने के लिये सरकार द्वारा वर्ष 2012 में मुजफ्फरपुर, पटना, गया समेत विभिन्न जिलों में कुल 83.5 करोड़ रु० की राशि दी गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा निरक्षरों के सर्वेक्षण से लेकर केन्द्र चलाने मॉनिटरिंग, अक्षर मेला समेत विभिन्न मदों के लिये उक्त राशि का आवंटन किया था, जिसे अधिकारी खर्च करने के बजाय दो साल से दबाये बैठे हैं जिससे साक्षरता कार्यक्रम प्रभावित है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार साक्षरता कार्यक्रम के नाम पर केवल कागज खानापूर्ति करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापन करना

*326. श्री (डॉ०) अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत उच्च विद्यालय, गण्डौल में मात्र एक ही शिक्षक पदस्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एक शिक्षक द्वारा वर्ग 8 से 10 तक के छात्रों को शिक्षा देना संभव नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में सृजित पदों पर विषयवार शिक्षकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कराना

*327. श्री (डॉ०) रणविजय कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत गोह प्रखंड के कुडवाँ, रूकुन्दी, मलहद, गोह, हरिगाँव, बेजलपुर, प्रोजेक्ट वि०, गोह एवं हसपुरा प्रखंड के हसपुरा, कन्या उ०वि० हसपुरा, देवहरा, तिलकपुरा, उच्च विद्यालयों में भवन निर्माण हेतु राशि भेजी गयी थी, जो 15 अक्टूबर, 2010 के आदेशानुसार वापस कर लिया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालयों का भवन जर्जर है, जिससे छात्रों को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों का भवन बनवाना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भुगतान करना

*328. श्री रामसूरत राय--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन जैसे कल्याणकारी योजनाओं के द्वारा गरीबों को प्रतिमाह पेंशन भुगतान करने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि औराई विधान सभा के औराई एवं कटरा प्रखंड में मार्च, 2013 के बाद पेंशनधारियों का भुगतान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बकाये पेंशन का भुगतान कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*329. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के संग्रामपुर प्रखंड के दक्षिणी भवानी पंचायत के मध्य विद्यालय, पकड़ी उच्च विद्यालय में उत्क्रमण हेतु सभी मानक पूरा कर रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय, पकड़ी को उच्च विद्यालय में उत्क्रमण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*330. श्री (डॉ०) श्यामदेव पासवान—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के फतेहपुर प्रखंड से टनकुपा प्रखंड के बीच एक भी उच्च विद्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र छात्रायें एवं महादलित के बच्चों को माध्यमिक तक शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार फतेहपुर प्रखंड के अधीन उत्क्रमित मध्य विद्यालय, राघोपुर को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

छात्रावास खोलना

*331. श्री अमरेन्द्र कुमार पांडेय—क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखण्ड में पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिये आवासीय छात्रावास नहीं है, जिसके कारण उक्त वर्ग के छात्रों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड में आवासीय छात्रावास खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमण करना

*332. श्री राम सूरत राय—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औराई विधान सभा के औराई प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय, धरहरवा में पर्याप्त भवन एवं लगभग 3 एकड़ जमीन उपलब्ध होने के बावजूद अबतक उत्क्रमित नहीं किया जा सका है जिसके कारण छात्रों को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*333. श्री शशिभूषण हजारी—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में संचालित आँगनबाड़ी केन्द्रों पर 0-5 (शून्य से पाँच) साल के नामांकित बच्चों को टी०एच०आर० एवं पूरक पोषाहार का लाभ दिया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के चंडी प्रखंड में संचालित आँगनबाड़ी केन्द्र कोड सं० 94, 147, 163, 178, 146, 129, 185 एवं 58 पर 0-5 (शून्य से पाँच साल) के नामांकित बच्चों को वर्ष 2013 से टी०एच०आर० एवं पूरक पोषाहार के लाभ से वंचित हैं, जिसकी सूचना दिसम्बर, 2013 में उच्च अधिकारियों को दिया गया था;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रारंभ करना

*334. श्री भोला राय—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार के जिला आनन्दी म०वि०, कदवा (प्रखण्ड कदवा) को वित्तीय वर्ष 2011 12 में भवन निर्माण हेतु कुल 25,33,155.00 रुपये प्राप्त हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, कटिहार, पत्रांक एस०एस०ए०/388, दिनांक 12 मार्च, 2012 द्वारा अध्यक्ष/सचिव/प्र०अ०, आ०म०वि०, कदवा वित्तीय वर्ष 2011 12 के तहत आठ कमरे का भवन निर्माण हेतु अग्रिम रूप में 7,76,125 रुपये की राशि दिया गया था, किन्तु तीन वित्तीय वर्ष गुजरने के बाद भी उक्त योजना प्रारम्भ नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना को प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

लाभ देना

*335. श्री अरूण शंकर प्रसाद—स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 27 मार्च, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''पाँच लाख आवेदन पेंडिंग'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष नवम्बर, 2007 में मुख्य मंत्री कन्या सुरक्षा जैसे महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के 38 जिलों के 544 प्रखंड स्थित 80,211 आँगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से जमा पाँच लाख आवेदन जुलाई, 2012 से योजना बंद होने के कारण लंबित हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना में लंबित आवेदनों पर कार्रवाई कर योजना का लाभ बी०पी०एल० परिवार के बेटियों को देने का विचार-रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थापित करना

*336. श्रीमती सुजाता देवी—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत बौराहा के ग्राम माणिकपुर का प्रा०वि०, माणिक ग्राम झखराही में चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम माणिकपुर के ग्रामवासी अब झखराही से कोसी कटाव से विस्थापित होकर पुनः अपने नीज ग्राम माणिकपुर में बस गये हैं, जहाँ विद्यालय नहीं रहने से वहाँ के बच्चे प्राथमिक शिक्षा से वंचित हो रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राथमिक विद्यालय, माणिकपुर को झखराही से स्थानान्तरित कर माणिकपुर में पुनः स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रबंध करना

*337. श्री मंजीत कुमार सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में प्राथमिक विद्यालयों की सं० 73 हजार, मध्य विद्यालय की संख्या 28 हजार है;

(2) क्या यह बात सही है कि 73 हजार प्राथमिक विद्यालय एवं 28 हजार मध्य विद्यालय में 2 करोड़ बच्चे-बच्चियाँ नामित हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि 73 हजार प्राथमिक विद्यालय एवं 28 हजार मध्य विद्यालय में बच्चे-बच्चियों को पढ़ने के लिए बेंच नहीं है । बोरे पर पढ़ते हैं;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में बच्चों को पढ़ने हेतु कबतक बेंच का प्रबंध करने का विचार रखती है ?

---

स्कूल खोलना

*338. श्री कुमार शैलेन्द्र—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के बिहपुर प्रखंड के झंडापुर पश्चिम पंचायत ग्राम झंडापुर के वार्ड-9 में कोई भी प्राथमिक विद्यालय नहीं है, जबकि स्कूल के लिये भगवती स्थान के निकट 15 डिसमिल सरकारी जमीन उपलब्ध है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राथमिक स्कूल के अभाव में ग्रामीणों के गरीब बच्चे प्राथमिक शिक्षा से वंचित हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में प्राथमिक स्कूल खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*339. श्री विक्रम कुँवर—दिनांक 12 फरवरी, 2014 को हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित ''कागज पर ही बलवान बन रहे बच्चे'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में बाल पोषाहार योजना के तहत 90 हजार आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चे में से महज 20-25 फीसदी बच्चे को ही नियमित पोषाहार मिल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय पदाधिकारियों के द्वारा केन्द्रों की जाँच नहीं होने के कारण बच्चे को इस योजना का लाभ नहीं मिला है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बच्चे को इस योजना से वंचित करनेवाले दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*340. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी—दिनांक 10 जून, 2014 को समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार ''नहीं बना गुलजारबाग स्टेडियम'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दिनांक 25 अगस्त, 2010 को आलमगंज

थाना से सटे अशोक राजपथ कि किनारे गुलजारबाग मैदान में 1.94 करोड़ की लागत से स्टेडियम बनाने का निर्णय लिया गया था, जिसका शिलान्यास तत्कालीन उप मुख्यमंत्री द्वारा स्थल पर उसी तिथि को किया गया था, यदि हाँ, तो चार साल बीत जाने कि बावजूद भी आजतक स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने का क्या औचित्य है ?

---

लागू करना

*341. श्री विजय कुमार सिन्हा—दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 30 मई, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''बिहार में सस्ता होगा बस भाड़ा'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि परिवहन विभाग द्वारा 14 वर्षों बाद निजी बसों का किराया का निर्धारण किया है, जो वर्तमान बस भाड़ा से आधा होगा, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त भाड़ा को लागू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

केन्द्र खोलना

*342. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अंतर्गत नारायणपुर ग्राम पंचायत में जोबंद टोला (छोटा मियांपुर) आदिवासी बहुल टोला है और उसमें आँगनबाड़ी केन्द्र नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ आँगनबाड़ी केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

महाविद्यालय खोलना

*343. श्री अमरेन्द्र कुमार पांडेय—क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के कुचायकोट प्रखण्ड में महाविद्यालय नहीं है जिससे छात्र-छात्राओं को स्नातक शिक्षा हेतु गाँव से दूर जाना पड़ता है एवं उच्च शिक्षा ग्रहण करने में उन्हें असुविधा होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कुचायकोट पंखण्ड में एक महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण पूर्ण करना

*344. श्री सतीश कुमार साह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास प्रखंड के०एस०आर०एस०वाई० +2 उच्च विद्यालय, कृष्णापुरी, फुलपरास का भवन निर्माण कार्य 2010 में प्रारंभ किया गया, जिसका कार्य एजेन्सी ग्रामीण कार्य विभाग, प्रमंडल-2, झंझारपुर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कार्य 4 वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

व्यवस्था करना

*345. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अंतर्गत मनिहारी नगर में कन्या मध्य विद्यालय, मनिहारी नगर पंचायत में 1,600 छात्र-छात्राएँ हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उपस्कर के अभाव में छात्र-छात्राएँ, जमीन पर बैठकर पढ़ाई करते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के लिये उपस्कर की व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

------------

केन्द्र बनवाना

*346. श्री रामायण माँझी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अन्तर्गत कला एवं सांस्कृतिक केन्द्र नहीं है, जिससे इस क्षेत्र में कला एवं सांस्कृतिक संबंधी ज्ञान प्राप्त करने हेतु युवा वर्ग को दूर जाना पड़ता है, फलस्वरूप आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग इसका लाभ नहीं उठा पा रहा है;

(2) यदि उक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जिला अंतर्गत कला एवं सांस्कृतिक केन्द्र बनवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

उत्क्रमित करना

*347. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, शिक्षा (माध्यमिक शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के कहरा प्रखण्ड अंतर्गत मध्य विद्यालय, बसौना उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने की सभी अर्हता को पूरा करती है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पंचायत से अन्य उच्च विद्यालय की दूरी लगभग 7 कि0मी0 से 10 कि0मी0 है, जिस कारण खासकर लड़कियों को उच्च शिक्षा प्राप्ति हेतु काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय, बसौना को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, कबतक और नहीं, तो क्यों ?

------------

उत्क्रमित करना

*348. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (माध्यमिक शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कलेर प्रखण्ड के बलिदाद में राजकीयकृत मध्य विद्यालय अवस्थित हैं जहाँ छात्र-छात्राएँ की संख्या 500 से अधिक है;

(2) क्या यह बात सही है कि इसके आस-पास या गाँव में माध्यमिक शिक्षा के लिये एक भी हाई स्कूल नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बलिदाद मध्य विद्यालय को उत्क्रमित करना चाहती है, यदि हाँ, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*349. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी-चम्पारण अन्तर्गत प्रखण्ड सुगौली में राजकीय मध्य विद्यालय, कैथवलिया के 6 कि0मी0 की परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं है, यह मध्य विद्यालय उच्च विद्यालय में उत्क्रमण हेतु सभी वांछित शर्तों को पूरा करता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति करना

*350. श्री जितेन्द्र कुमार-- क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत अस्थावाँ विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत बिन्द प्रखण्ड में +2 अमरावती उच्च विद्यालय अनुमान्यता के आधार पर विषयवार शिक्षकों का पद खाली पड़े रहने के कारण विद्यालय छात्र-छात्राओं को शिक्षाध्ययन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार उक्त +2 उच्च विद्यालय में कबतक विषयवार शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

लागू करना

*351. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत घोघरडीहा प्रखण्ड स्थित प्रा0 वि0, गिदहा, प्रा0वि0, बगराज, प्रा0वि0, गुलड़ियाटोल, मध्य विद्यालय, रानीगढ़ी कमराविहीन है और उक्त विद्यालयों में सर्व शिक्षा अभियान के तहत मिलने वाली सुविधा नहीं दी जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में सर्व-शिक्षा अभियान के तहत जारी कार्यक्रम को लागू करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------------

निर्माण करना

*352. श्री (डॉ0) फैयाज अहमद--क्या मंत्री, शिक्षा (माध्यमिक शिक्षा)विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखण्डान्तर्गत उच्च विद्यालय, परसौनी में पठन-पाठन हेतु मात्र 2 कमरा है और 2 कमरा जर्जर है, जिससे शिक्षण कार्य बाधित होता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में पठन-पाठन हेतु अतिरिक्त वर्गकक्ष के निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

छात्रावास खोलना

* 353. श्री सतीश कुमार साह——क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत लौकही एवं खुटौना प्रखंडों में पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिये आवासीय छात्रावास नहीं है, जिसके कारण उक्त वर्ग के छात्रों को पठन एवं पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में आवासीय छात्रावास खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आँगनबाड़ी केन्द्र खोलना

* 354. डॉ0 अब्दुल गफूर——क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत घोघसम के वार्ड न0–तीन में आँगनबाड़ी केन्द्र स्वीकृत नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आँगनबाड़ी केन्द्र नहीं रहने से वार्ड के बच्चों का प्रारंभिक शिक्षा नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वार्ड में नया आँगनबाड़ी केन्द्र खोलना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वीकृति देना

* 355. श्रीमती नीता चौधरी——क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला अन्तर्गत असरगंज प्रखंड के ग्राम आशा जौरारी मुस्लिम टोला में प्राथमिक विद्यालय के लिये विभाग द्वारा 10 वर्ष पूर्व में भवन का निर्माण कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन बनने के बावजूद भी प्राथमिक विद्यालय की स्वीकृति अभीतक नहीं मिली है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव में प्राथमिक विद्यालय की स्वीकृति देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

* 356. श्री गोपालजी ठाकुर——क्या मंत्री, शिक्षा (माध्यमिक शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर प्रखंड अन्तर्गत +2 उच्च विद्यालय, नवादा, +2 उच्च विद्यालय महिनाम पोहदी, +2 जयानन्द उच्च विद्यालय बहेड़ा, बिरौल प्रखंड अन्तर्गत +2 उच्च विद्यालय वन्दा के भवन निर्माण हेतु निविदा एक वर्ष पूर्व हुआ है, किन्तु कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शैक्षणिक आधारभूत संरचना योजना के तहत इन विद्यालयों का भवन निर्माण कराना है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उच्च विद्यालयों का भवन निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कॉलेज खोलना

* 357. श्री ललन कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (उ0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा वर्ष, 2012 में घोषणा किया गया था कि बिहार के प्रत्येक अनुमंडल मे जहाँ सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं है वहाँ डिग्री कॉलेज खोला जायेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के तेघड़ा अनुमंडल में सरकारी डिग्री खोलने का प्रस्ताव वर्ष, 2012 में सरकार के पास लंबित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तेघड़ा में सरकारी डिग्री शीघ्र खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नही, तो क्यों ?

---------

परिचालन करना

* 358. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य परिवहन निगम द्वारा सीतामढ़ी जिला से पटना के लिये भोलवो बस विगत 3 वर्षों से चलाई जाती है किन्तु विगत एक वर्ष से उसका परिचालन बंद कर दिया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सीतामढ़ी जिला से पटना जिला के लिये पुनः भोलवो बस का परिचालन करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमण करना

* 359. श्री संतोष कुमार निराला—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत नावानगर प्रखंड के मध्य विद्यालय, हरोजा में कुल छात्रों की संख्या 345 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के 4 कि0मी0 के दायरे में एक भी माध्यमिक विद्यालय नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय, हरोजा को माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमण करना

* 360. श्री कुमार शैलेन्द्र—क्या मंत्री, शिक्षा (माध्यमिक शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के खरीक प्रखंड के चोरहर पंचायत में नदिया स्मृति माध्यमिक विद्यालय, इसापुर मध्य विद्यालय, चोरहर अवस्थित है, जिसमें अल्पसंख्यक, अतिपिछड़ा एवं महादलित परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं एवं उच्च विद्यालय में उत्क्रमण हेतु अर्हता रखता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बन्द करना

*361. श्री प्रेमरंजन पटेल--क्या मंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शराब की दुकान किसी भी स्कूल से 200 मीटर की दूरी पर खोलने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिला अन्तर्गत नरोत्तापुर उच्च विद्यालय, कजरा के दरवाजे के 50 मीटर की दूरी पर शराब की दुकान है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्कूल के नजदीक शराब दुकान, कजरा को बन्द करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उपलब्ध कराना

*362. श्री आनन्दी प्रसाद यादव- क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के प्रत्येक आँगनबाड़ी केन्द्रों के लिये कार्यक्रम संचालन हेतु दरी, बर्तन, वधियंत्र (ढोलक, झाल) अभिलेख संधारण हेतु रजिस्टर एवं लाभुकों का सर्व प्रपत्र सरकार से उपलब्ध कराया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के पलासी, सिकटी, कुर्साकांटा, जोकीहाट, नरपतगंज, रानीगंज, भरगामा बाल विकास परियोजनाओं में वर्ष 2012-13 एवं वर्ष 2013-14 में सरकार ने उक्त सामान के क्रय हेतु उक्त सारे प्रखण्ड परियोनाओं को राशि उपलब्ध करा दी है किन्तु सामान क्रय कर क्रियाशील आंगनबाड़ी केन्द्रों तक उक्त सारे सामान शत-प्रतिशत् उपलब्ध नहीं कराया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिन आँगनबाड़ी केन्द्रों को सामान उपलब्ध नहीं कराया गया है, उसे उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

व्यवस्था करना

*363. डॉ॰ अच्युतानन्द--दैनिक समाचा-पत्र के दिनांक 8 जुन, 2014 के अंक में छपी खबर ''कहाँ जायेंगे तीन लाख छात्र-छात्राये'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा (मा॰ शि॰) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में 10,06,651 छात्र-छात्राये मैट्रिक की परीक्षा में उत्तीर्ण हुयें हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में इंटर में 7.05 छात्र-छात्राओं का हीं सरकारी और एफिलियेटेड कॉलेज एवं +2 स्कूलों में नामांकन की रिक्तियाँ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राज्य के बाकी के तीन लाख छात्र-छात्राओं के नामांकन के लिये कौन-सी व्यवस्था करने का विचार रखती है ?

---------

कॉलेज खोलना

*364. श्री अनंत कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला अन्तर्गत मुंगेर शहर में इन्जीनियरिंग कॉलेज की स्थापना की स्वीकृति विगत 5 वर्ष पूर्व हुई थी तथा कॉलेज हेतु 22 एकड़ भूमि का भी अधिग्रहण वित्तीय वर्ष 2013-14 में किया जा चुका है, परन्तु आजतक इंजिनियरिंग कॉलेज की स्थापना हेतु कार्यवाही प्रारम्भ नहीं की जा सकी है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार उक्त स्थान पर कबतक इंजिनियरिंग कॉलेज खोलने का विचार रखती है, और नहीं, तो क्यों ?

स्थापित करना

*365. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि एप्रोच टू 12वाँ पंचवर्षीय प्लान 2012-17 के अनुसार राज्य में 0.56 प्रतिशत् इंजिनियरिंग कॉलेज तथा 0.76 प्रतिशत् पॉलिटेकनिक संस्थान देश के पैमाने पर है, जबकि राज्य की जनसंख्या देश जनसंख्या का 9 प्रतिशत् है, यदि हाँ, तो जनसंख्या के अनुपात में राज्य में इंजिनियरिंग कॉलेज तथा पॉलिटेकनिक संस्थान स्थापित करने के लिये सरकार की कौन-सी कार्य योजना है?

निर्माण कराना

*366. श्रीमती कविता कुमारी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अन्तर्गत सिसवन प्रखण्ड के चैनपुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, में छात्र/छात्राओं की संख्या 2184, है, जबकि पठन-पाठन हेतु कमरों की संख्या मात्र चार ही है, जिसके कारण पठन-पाठन में कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2007 में मुख्य मंत्री समग्र विकास योजना के अन्तर्गत उक्त विद्यालय में दो अतिरिक्त कमरों का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया था जो आजतक अपूर्ण है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में अतिरिक्त कमरा का निर्माण करवाने का विचार रखती है यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*367. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत गुठनी प्रखण्ड के ग्राम पचनेरुई, ग्राम पान्डेपार, तीर बलुआ एवं दरौली प्रखण्ड के ग्राम पंचायत बल्लु के ग्रामकर्मी टोला के छात्र-छात्रायें 2008 से कमरा के अभाव में खुले आकाश में पढाई कर रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जगहों पर विद्यालय का भवन निर्माण करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*368. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के हसनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय, दुदपुरा में 700 छात्र-छात्रायें अध्ययनरत् हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि मध्य विद्यालय, दुदपुरा के छात्र-छात्राओं को पंचायत में उच्च विद्यालय, नहीं रहने से आगे की पढ़ाइ में कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय, दुदपुरा को उत्क्रमित करने का विचार रखती है यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*369. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, शिक्षा (माध्यमिक शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के कहरा प्रखंड अन्तर्गत अमरपुर उच्च विद्यालय का भवन अत्यंत जर्जर है, जिसके कारण पठन-पाठन कार्य में बाधा पहुँचती है;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2010-11 में इस विद्यालय के भवन निर्माण नहीं होने के कारण 26 लाख रुपये की राशि लौटा दी गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन का निर्माण कार्य शीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*370. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दिघवारा प्रखंड के ग्राम पंचायत हराजी के ग्राम-फकूली में उत्क्रमित मध्य विद्यालय है, जिसमें दो कमरा ही पक्का है शेष कमरा जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि नियमानुसार उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कम-से-कम आठ (8) कमरा होना चाहिये;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में 6 कमरा का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*371. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत अमरपुर के सलमपुर बुनियादी विद्यालय को मॉडल बनाने हेतु वर्ष 2011 में शिक्षा विभाग द्वारा निर्णय लिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011 में सरकार द्वारा निर्णय लिया गया था कि प्रखंड में एक विद्यालय को मॉडल विद्यालय के रूप में उत्क्रमित किया जायेगा;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को मॉडल विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जीर्णोद्धार करना

*372. डॉ० दाउद अली--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत नावानगर प्रखंड के मध्य विद्यालय, सिकरौल के दो कमरों का निर्माण पंचायत समिति द्वारा कराया गया था, जिसका प्लास्टर नहीं हुआ है तथा किवाड़, खिड़की आदि नहीं लगाया गया है जिससे बच्चों को पठन-पाठन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार चालू वित्तीय वर्ष में उक्त विद्यालय के अर्द्धनिर्मित कमरों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पद भरना

*373. श्री विक्रम कुँवर--दिनांक 14 जून 2014 को हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''शिक्षक नहीं पढ़ाई नहीं तुलना देश स्तर पर'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार सरकारी माध्यमिक, मध्य एवं प्रा० विद्यालयों में लोकलुभावन योजनाओं को लागू कर शिक्षा की स्थिति सुधारने का प्रयास कर रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि सिर्फ पटना जिला में ही 31 सौ मध्य एवं प्रा० विद्यालयों में 11 हजार से अधिक शिक्षक का पद विगत 5 वर्षों से रिक्त है;

(3) क्या यह बात सही है कि पटना जिला में 1,100 मध्य विद्यालयों में मात्र 130 प्रधानाचार्य ही कार्यरत हैं;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य में शिक्षा स्तर को सुधारने हेतु रिक्त शिक्षकों एवं प्रधानाचार्य के पद को कबतक भरने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*374. श्री विजय कुमार सिन्हा--दैनिक सामाचार-पत्र में दिनांक 27 मई, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''चौंकिये मत यह सरकारी विद्यालय है'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत बड़हिया प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय, गोलभट्ठा 27 वर्षों से चल रहा है जिसका न तो अपना जमीन है और न ही भवन है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस विद्यालय में तीन शिक्षक हैं, जो खुले आसमान में बच्चों को शिक्षा देते हैं;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस विद्यालय का भूमि अधिग्रहण कर भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

वितरण करना

*375. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रत्येक माह सामाजिक सुरक्षा पेंशन देने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के गोपालगंज, छपरा, सीवान, पूर्वी चम्पारण एवं पश्चिमी चम्पारण सहित 32 जिलों के 15 लाख विकलांग, विधवा, बूढ़ा पेंशनधारियों को 8 माह से पेंशन का वितरण नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जिलों में पेंशन वितरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रारंभ करना

*376. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (माध्यमिक शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखंड के एस०एन०जी० रामपुर अटौली, खोभारी साह उच्च विद्यालय, इसुआपुर एवं तरैया प्रखंड के नेपाल सिंह उच्च विद्यालय, गवटी तथा पानापुर प्रखंड के उच्च विद्यालय, सतजोड़ा एवं उच्च विद्यालय, कोंध, भगवानपुर को सरकार द्वारा वर्ष 2009 में 10+2 के लिये उत्क्रमित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालयों को 10+2 में उत्क्रमित करने के बावजूद भी अभीतक 10+2 की पढ़ाई शुरु नहीं किया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में 10+2 की पढ़ाई शुरु करने का विचार रखती है,- यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

संचालित करना

* 377. डॉ0 अच्युतानन्द––दैनिक समाचार–पत्र के दिनांक 21 अप्रैल, 2014 के अंक में छपी खबर के आलोक में क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में 91 हजार आँगनबाड़ी केन्द्रों की स्वीकृति प्राप्त है जबकि मात्र 80 हजार केन्द्रों का ही संचालन हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 50 हजार से अधिक केन्द्र किराये के भवन में चल रहे हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि आँगनबाड़ी केन्द्रों का ग्रामीण क्षेत्रों में किराया मात्र 500 रु0 ही देने का प्रावधान है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आँगनबाड़ी केन्द्रों के किराये में वृद्धि करते हुये सभी स्वीकृत केन्द्रों को संचालित कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

वृक्ष लगाना

* 378. श्री प्रदीप कुमार––क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखंड के ग्राम–थालपोस के पश्चिम जीरा खाड एवं निगार नदी तथा चैनल नदी के किनारे बिहार सरकार की सैकड़ों एकड़ बंजर भूमि परती पड़ा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त बंजर परती भूमि पर वृक्ष लगाकर हरा–भरा क्षेत्र बनाना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापन करना

* 379. श्री (डॉ0) फैयाज अहमद––क्या मंत्री, शिक्षा (माध्यमिक शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखंडान्तर्गत उच्च विद्यालय, जितवारपुर एवं मध्य विद्यालय, नाजीरपुर में उर्दू पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या 100 से अधिक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के नीतिगत निर्णयानुसार प्रत्येक उच्च/मध्य विद्यालयों में एक उर्दू शिक्षक को पदस्थापित किया जाना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में उर्दू शिक्षकों की पदस्थापना करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सुव्यवस्थित करना

* 380. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह––क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण के संग्रामपुर प्रखंड के भवानीपुर +2 विद्यालय में छात्र–छात्राओं की संख्या लगभग 775 है तथा वहाँ वर्तमान में कार्यरत शिक्षक की संख्या 8 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि छात्रों के अनुपात में शिक्षकों की संख्या कम रहने के कारण बच्चों की पढ़ाई में काफी दिक्कत हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में छात्रों के अनुपात में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कर पठन–पाठन का कार्य सुव्यवस्थित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

* 381. श्री रामचन्द्र सहनी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत प्रखंड सुगौली में उत्तरी मनसिंघा पंचायत में कोई उच्च विद्यालय नहीं होने के कारण इस अल्पसंख्यक बहुल पंचायत के छात्र/छात्रों को 5–6 कि0मी0 दूर उच्च शिक्षण हेतु जाना पड़ता है, जबकि उत्क्रमित मध्य विद्यालय, नकरदेई (उर्दू) हाई स्कूल में उत्क्रमण की सभी शर्तें को पूरी करता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उत्क्रमित मध्य विद्यालय, नकरदेई (उर्दू) को हाई स्कूल में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

* 382. श्री शशि भूषण हजारी—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा एवं खुतौना प्रखंडों में आँगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन एवं पोषाहार राशि के वितरण में हुई अनियमितता की जाँच हेतु निदेशक, आई0सी0डी0एस0 द्वारा विगत छः माह पूर्व जिलाधिकारी, मधुबनी को पत्र लिखा गया था परन्तु आजतक जाँच प्रतिवेदन विभाग को समर्पित नहीं किया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जिलाधिकारी, मधुबनी से जाँच प्रतिवेदन प्राप्त करने एवं जाँच प्रतिवेदनों के आधार पर दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

* 383. श्री राज कुमार राय—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विथान प्रखंड के बेलसंडी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में 1,200 से अधिक छात्र–छात्राएँ पठन–पाठन करते हैं तथा विद्यालय को 7 एकड़ जमीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मध्य विद्यालय के 8 कि0मी0 के दायरे में कोई उच्च विद्यालय नहीं है तथा उक्त मध्य विद्यालय के पास उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने हेतु सभी अर्हताएँ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 8 जुलाई, 2014 (ई0)।

हरे राम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान–सभा।

---

बि0स0मु0 (एल0ए0), 50–डी0टी0पी0–450